कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़
Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www. tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in,

क्रमांक/105/रा.यु.उ.यो./2024–25/10008 नवा रायपुर दिनांक 11/12/2024

प्रति,

अभ्यर्थी,

....,

विषय :– वर्ष 2024–25 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी नई दिल्ली में करने के संबंध में सूचना।

––00––

विषयांतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु ट्रायबल यूथ हॉस्टल, द्वारका, नई दिल्ली में प्रवेश के लिए अधोलिखित शर्तों के अधीन आपका चयन किया गया है। कृपया सहायक आयुक्त, ट्रायबल यूथ हॉस्टल, द्वारका, नई दिल्ली (पूर्ण पता– ट्रायबल यूथ हॉस्टल, सेक्टर 18A, प्लॉट नंबर–1, द्वारका, नई दिल्ली–110075) (फोन नंबर– 011–45547197) से संपर्क स्थापित कर ग्रुप (A) दिनांक 01.01.2025 से 04.01.2025, ग्रुप (B) दिनांक 05.01.2025 से 08.01.2025, ग्रुप (C) दिनांक 09.01.2025 से 12.01.2025 तथा ग्रुप (D) दिनांक 13.01.2025 से 16.01. 2025 तक मूल प्रमाण पत्रों एवं अभिलेखों की सत्यापित प्रति के साथ नई दिल्ली स्थित ट्रायबल यूथ हॉस्टल में उपस्थित होकर कोचिंग संस्थाओं में प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करें।

2) चयन/इम्पैनल्ड किये गये कोचिंग संस्थाओं की सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। कोचिंग संस्थाओं/ट्रायबल यूथ में प्रवेश की प्रक्रिया राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 नियमावली के अधीन पूर्ण की जानी होगी।

3) अभ्यर्थियों द्वारा इम्पैनल्ड कोचिंग संस्थान की शुल्क (पूर्ण या किश्तवार) पहले स्वयं भुगतान करना होगा, योजना के प्रावधान व नियमानुसार समय–समय पर शुल्क की प्रतिपूर्ति की जावेगी। कोचिंग की अवधि योजना नियमानुसार सिविल सेवा प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की कोचिंग हेतु 10 माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे।

4) साक्षात्कार हेतु चयनित होने पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए कोचिंग प्रदान किया जायेगा, जिसका व्यय योजना से वहन किया जायेगा। छात्रों को कोचिंग अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का अवकाश देय नहीं होगा तथा उन्हें सिविल सेवा परीक्षा हेतु ही पूर्णतः एकाग्र होना होगा।

5) राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 नियमावली अनुसार ट्रायबल यूथ हॉस्टल में आवासीय सुविधा केवल पुरूष अभ्यर्थियों हेतु होगी। महिला अभ्यर्थी अपने पालक/अभिभावक के साथ ट्रायबल यूथ हॉस्टल, द्वारका, नई दिल्ली में प्रवेश हेतु पहुचेंगे। छात्राओं के निवास सहित सुरक्षा की व्यवस्था पालक को स्वयं सुनिश्चित करनी होगी।

अभ्यर्थियों को ट्रायबल यूथ हॉस्टल, द्वारका, नई दिल्ली में प्रवेश हेतु निम्नानुसार दस्तावेज अपने साथ/DG Locker में आवश्यक रूप से रखना होगा :–

1. 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की मार्कशीट।
2. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण–पत्र।
3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र।
4. अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी वर्ष 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 में से किसी 01 वर्ष का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

11/12/24

(नरेन्द्र कुमार दुग्गा)
आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)

क्रमांक / 105 / रा.यु.उ.यो. / 2024–25 / 10009 नवा रायपुर दिनांक 11/12/2024

प्रतिलिपि :–

1. **सचिव,** छ.ग. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर छ.ग.।
2. **आवासीय आयुक्त,** छत्तीसगढ़ भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. **सहायक आयुक्त**, ट्रायबल यूथ हॉस्टल, द्वारका, नई दिल्ली की ओर सूचनार्थ लेख है कि, योजना नियमावली अनुसार 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति, 30 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 20 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु सीट आरक्षित है। अतः इसी अनुरूप ट्रायबल यूथ हॉस्टल में आवासीय सुविधा हेतु पुरूष अभ्यर्थियों का मेरिट के आधार पर चयन करना सुनिश्चित करें।

11/12/24

आयुक्त

~~आदिम~~ जाति तथा अनुसूचित जाति विकास

नवा रायपुर अटल नगर (छ0ग0)